प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए वरिष्ठ पार्टी नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को राज्य में केंद्रीय सह–पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, असम में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को केंद्रीय सह–पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इन नामों को भाजपा संसदीय पर्यवेक्षक बोर्ड ने मंजूरी दी है।

****

झारखंड कांग्रेस में नई कमेटी की घोषणा के साथ ही विवाद गहरा गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोशल मीडिया पर प्रदेश नेतृत्व को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने 314 सदस्यों वाली समिति को जंबो–जेट करार देते हुए पक्षपात का आरोप लगाया। इस बीच, पार्टी उपाध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि महत्वाकांक्षाएं हर किसी की होती हैं, लेकिन शिकायतें पार्टी के प्लेटफॉर्म पर ही रखी जानी चाहिए।

****

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित नगर भवन में आज प्रमंडलीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया। इस मौके पर पलामू प्रमंडल के सभी मुखिया और डीसी सहित कई आला अधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन में पंचायतों के विकास और सशक्तीकरण पर चर्चा की गई।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने गुमला से सात साल पहले लापता हुई छह वर्षीय बच्ची के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी है। अदालत ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी सुराग न मिलना पुलिस की घोर लापरवाही और कमजोर अनुसंधान को दर्शाता है। कोर्ट ने मामले को सीबीआई को सौंपने के भी संकेत दिए हैं।

****

दुमका के सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से बड़ी खबर आई है। विश्वविद्यालय सिंडिकेट ने 2008 बैच के 114 शिक्षकों के प्रमोशन पर अंतिम मुहर लगा दी है। जेपीएससी की अनुशंसा के बाद लंबे समय से लंबित इस फैसले से शिक्षकों में खुशी की लहर है।

****

सरायकेला पुलिस ने खरसावां में हुए बाया सरदार हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि पत्नी ने ही हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने मौके से खून लगा फरसा और स्कूटी बरामद की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया ने बताया कि मुख्य आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी मिला है।

****

दुमका के शिकारीपाड़ा में मोबाइल पर रिल्स देखने की लत ने 15 वर्षीय छात्र की जान ले ली। आज सुबह अंबाजोड़ा–शिकारीपाड़ा स्टेशन के बीच 10वीं के छात्र प्रभु राय की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह मॉर्निंग वॉक के दौरान हेडफोन लगाकर मोबाइल देखने में इतना व्यस्त था कि उसे ट्रेन आने का पता नहीं चला। वहीं, गोपीकांदर में 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने से एक डाक पार्सल कंटेनर में आग लग गयी। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

****

साहिबगंज के बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दस बच्चों को मानव तस्करी से बचाया है। रोजगार का झांसा देकर ले जाए जा रहे आठ लड़कों और दो लड़कियों को मुक्त कराकर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। सभी बच्चों को सुरक्षित बाल कल्याण संगठन को सौंप दिया गया है।

****

राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने आज रांची, धनबाद और दुमका समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और वज्रपात की आशंका है। पूरे राज्य में 10 मई तक येलो अलर्ट रहेगा। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

********समाप्त**************